**01/10**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे लगभग 49.2 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारी और 68.7 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यह इस साल 1 जुलाई से लागू होगा। आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति के अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों में देश भर में सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी देना शामिल है, जिस पर 5862 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होगा। दालों में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादन बढ़ाना और दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। साथ ही, मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में भी बढ़ोतरी की गई है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। शताब्दी समारोह में RSS की विरासत, उसके सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में उसकी

भूमिका को प्रमुखता से दिखाया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि RSS राष्ट्र निर्माण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 100 साल पहले इस शुभ दिन पर RSS की संस्था के रूप में स्थापना महज एक संयोग नहीं थी, बल्कि यह हजारों सालों से चली आ रही एक परंपरा का पुनरुद्धार था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश के लिए RSS के योगदान को दर्शाते हुए विशेष रूप से डिजाइन किए गए एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

0000000000000000000000

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर आज राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह दिन, सभी को महात्मा गांधी के शांति और मानवता के सार्वभौमिक संदेश की प्रासंगिकता की याद दिलाए। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और शांतिपूर्ण प्रतिरोध की शक्ति से भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई का नेतृत्व किया, जिससे दुनिया भर में न्याय के लिए आंदोलन को प्रेरणा मिली। राज्यपाल ने कामना की कि यह गांधी जयंती सभी को अपने दैनिक जीवन में शांति, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहे।

0000000000000000000000

राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज ईटानगर के वीकेवी चिंपू में 'विजय ही विजय'-2025 के 8वें संस्करण के समापन समारोह में भाग लिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'विजय ही विजय' का मतलब है अंधकार पर प्रकाश की, झूठ पर सत्य की और फूट पर एकता की जीत। उन्होंने राज्य के युवाओं से उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व करने और राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने का आग्रह किया। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, अरुणाचल प्रांत द्वारा 'उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण के लिए युवा' थीम के साथ आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना था, जिससे युवाओं का सर्वांगीण विकास हो सके।

0000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज ईटानगर में ईटानगर ट्रैफिक वार्डन (ITW) के साथ एक इंटरैक्टिव मीटिंग में भाग लिया, जिसमें गृह मंत्री के सलाहकार मुचु मिथी भी उपस्थित रहें। सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी शिकायतों के अनुसार इस मामले पर विचार करेगी। साथ ही, उन्होंने ट्रैफिक वार्डन्स से धरने को समाप्त करने और आज से ही अपनी ड्यूटी फिर से शुरू करने का आग्रह किया। ITW ने अरुणाचल प्रदेश होम गार्ड कैडर में तत्काल शामिल किए जाने की मांग को लेकर 24 सितंबर को IG पार्क में धरना प्रदर्शन शुरू किया था।

0000000000000000000000

कल गवरमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, आनीनी में शिक्षा साथी दिबांग पहल का तीसरा सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर, रिसोर्स पर्सन के रूप में जाने-माने उद्‌यमी और पेशेवर करियर काउंसलर डॉ. सामियुल हजारिका, ने छात्रों को शैक्षणिक और करियर अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सही निर्णय लेने तथा कौशल विकास के महत्व पर ज़ोर दिया। सत्र में आनीनी स्थित GHSS और JNV स्कूल के छात्र सहित 150 से अधिक लोग शामिल हुए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्‌य के 13 जिलो वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, क्रा-दादी, कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, आंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्‌वकप में आज ऑस्ट्रेलिया का सामना न्यूज़ीलैड से इंदौर के होल्‌कर स्‌टेडियम में हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने 326 रन बनाएं है। अंतिम समाचर मिलने तक न्यूज़ीलैड टीम बल्लेबाज़ी करते हुए .... ऑवर में .... विकट के नुकसान पर .... रन बना लिए है। वहीं कल टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने गुवाहाटी में वर्षाबाधित मैच में श्रीलंका को उनसठ रनों से हराया।